## एक नजर में

### जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री करेंगे भगवान बिरसा मुंडा और छींतू किराड़ की मूर्ति का अनावरण

**कैबिनेट मंत्री सहित अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण**



**आलीराजपुर।** जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आलीराजपुर के दौरे पर रहेंगे। जहां वे भगवान बिरसा मुंडा और छींतू किराड़ की मूर्ति का अनावरण करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। आज इसी संबंध में कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, कलेक्टर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर कार्ययोजना बनाई।

**मुख्यमंत्री की सभा में प्रधानमंत्री भी कर सकते हैं संबोधन :** विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि बुधवार को कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात कर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आलीराजपुर में स्थापित हो रही भगवान बिरसा मुंडा और छींतू किराड़ की मूर्ति का अनावरण करने हेतु निमंत्रण दिया। जिसे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वीकार करते हुए आने की सहमति दी। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आलीराजपुर दौरे के दौरान वे मूर्ति अनावरण के साथ जनसभा को भी संबोधित करेंगे, इस दौरान संभावना है कि आलीराजपुर जिले को मुख्यमंत्री जी की ओर से कई सौगातें मिल सकती है। यह भी बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी वर्चुअल संबोधित कर सकते हैं।

### कलेक्टर द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया



**आलीराजपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार ईवीएम वेयर हाउस का बंद ताला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीतू माथुर की उपस्थिति में 30 अक्टूबर 2025 को किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गरवाल निर्वाचन अधीक्षक सरदार सिंह चौहान उपस्थित रहे।

### मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू लड़की से की छेड़छाड़, माहौल बिगड़ा

**मेघनगर.** सोमवार को 3 बजे के लगभग मुस्लिम युवक रेहान द्वारा कक्षा 9 वी की छात्रा जो विद्यालय से घर जा रही थी की मनचले मुस्लिम युवक द्वारा छेड़ छाड़ की उक्त घटना की जानकारी परिवार को दी देखते देखते मेघनगर का माहौल बिगाड़ने लगा। माहौल बिगडता देख भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हो गया बड़ी संख्या में एकत्रित हिन्दु युवक मुस्लिम युवक के घर पहुंच गिरफ्तारी की मांग करने लगे। माहौल बिगड़ता देख दुकानदारो ने अपना अपना व्यवसाय बन्द कर दी, इधर समझाइस के बाद रैली के रूप बड़ी संख्या में लोग थाने पर पहुंचकर थाने का घेराव कर जुलुस निकालने की मांग करने लगे। पुलिस कप्तान भी मेघनगर पहुचे मांग कर रहे लोगों से चर्चा की, इधर पुलिस ने युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी थी, अपनी मांग को लेकर हिन्दु युवाओं की टोली अपनी मांग पर अडिग थी युवा टोली मुस्लिम युवक का नगर में जुलुस निकाल कर मकान तोड़ने की मांग कर रहे थे बात हजम नहीं होने पर युवाओं की टोली थाने से निकल कर मुस्लिम युवक के कुम्हार मोहला जा पहुंची घर के आगे भारी पुलिस तैनात हो गई थी।

### कल्याणपुरा में चोरी एवं आगजनी के प्रकरण का खुलासा - दो आरोपी गिरफ्तार

**पेटलावद.** दिनांक 24-25 अक्टूबर की दरमियानी रात को थाना कल्याणपुरा के कस्बे स्थित पुराना बस स्टैंड पर किराना व्यापारी की दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरों ने दुकान से करीब ?5,000 नगदी चोरी कर दुकान व व्यापारी की ईको गाड़ी में आग लगा दी थी। इस संबंध में थाना कल्याणपुरा में अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।उक्त चोरी की घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री शिव दयाल सिंह द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर त्वरित कार्यवाही हेतु टीमें गठित की थी। टीमों ने क्षेत्र में लगातार सर्चिंग की, सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों से महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त की। इस पर कल्याणपुरा पुलिस द्वारा आरोपी ईश्वर एवं कैलाश को गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तार आरोपी :** 1. ईश्वर पिता मोहन परमार, उम्र 19 वर्ष, निवासी अथमना फलिया, कल्याणपुरा, 2. कैलाश पिता मन्नु गरवाल, उम्र 35 वर्ष, निवासी संदला, पूछताछ में आरोपी ईश्वर ने बताया कि दुकान मालिक द्वारा उसके भाई से दुकान और घरेलू कार्य करवाते समय बार-बार अपमानित करने एवं आवश्यकता के समय गाड़ी उधार नहीं देने के कारण उसने साथी अपराधी कैलाश के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। साथ ही, कैलाश को पैसों की आवश्यकता होने से दोनों ने मिलकर हाण्डा शोरूम पर चोरी का प्रयास भी किया था तथा बाद में किराना व्यापारी की दुकान से 5,000 रूपए चोरी कर दुकान और वाहन में आग लगा दी।इस कार्रवाई में अनुविभागिय अधिकारी पेटलावद सुश्री अनुरक्ति साबनानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरिक्षक नेहा बिरला, एवं उनकी टीम उनि. शिवकुमार सिंह कुशवाह, सउनि उमेश मकवाना, सउनि जगदीश नायक, आर. 427 राजेन्द्र, आर. रवि. तथा थाना रायपुरिया टीम, एस.आई.टी. टीम झाबुआ निरी. दिनेश शर्मा, उनि बृजेन्द्र छाबरिया, उनि एडमिरल तोमर, प्रआर. 62 रतन, आर. 30 गमतु का महत्वपुर्ण योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक झाबुआ द्वारा पूरी टीम को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में खाटला बैठकों का आयोजन

**झाबुआ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं घर-घर जाकर बी.एल.ओ. द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में खाटला बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों के



माध्यम से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। इन जनजागरण बैठकों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी एवं समुचित रूप से संपन्न हो तथा किसी प्रकार की शंका या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।





# ठंड के सीजन में बारिश दे रहीं दस्तक

- गुरुवार को दिनभर मौसम सर्द रहने के साथ रूक-रूककर हुई जोरदार बारिश
- न्यूनतम एवं अधिकतम, दोनों तापमान में आई गिरावट

**झाबुआ।** प्राय: शारदेय नवरात्रि के आसपास शीत ऋतु की दस्तक के साथ दीपावली पर्व तक ठंड पूरे शबाब पर रहती है, लेकिन जिलेभर में पिछले कुछ दिनों से ठंड के सीजन में बारिश होती लोगों को देखने को मिल रहीं है। मावठे की बारिश के चलते इसका लोगों के स्वास्थ्य पर लगातार विपरित प्रभाव पड़ रहा है तो वहीं किसानों के अनुसार रबी सीजन में गेहूं की फसल में बिना मौसम बारिश से पीलापन पड़ता नजर आ रहा है। फसल खराब हो रहीं है।

अक्टूबर माह समाप्त होने को है और नवंबर माह जल्द ही शुरू होगा। इस सीजन में जहां कड़कड़ाती ठंड का लोगों को आभास होता है, ऐसे में लोगों को बारिश के दीदार हो रहे है। पिछले 4-5 दिनों से मौसम पूरी तरह से सर्द और ठंडा होने के साथ रूक-रूककर बारिश हो रहीं है। यह परिवर्तित मौसम पूरे जिले में देखने को मिल रहा है। रूक-रूककर बारिश का क्रम अनवरत जारी है। जिला मुख्यालय पर भी 30 अक्टूबर, शुक्रवार सुबह से मौसम ठंडा होने के साथ दोपहर एवं शाम को जोरदार बारिश हुई। जिससे सड़के पूरी तरह भीग जाने के साथ नाले-नालियों में पानी उफान पर आकर सड़कों पर जलजमाव तक की स्थिति देखने को मिल रहीं है। ऐसे में लोग बाजार में कम हीं निकल रहे है और बाजार विरान से नजर आ रहे है। ठंड के सीजन में लोगों को छातों की ओट में निकलना पड़ रहा है। वहीं दोपहर में भी दो पहिया वाहन चालक हेडलाईट चालू करने के साथ बड़े वाहन चालकों को कांच की सफाई के लिए वायपर ऑन करना पड़ रहे है।

**तापमान में आई गिरावट-** मौसम विभाग के अनुसार 30 अक्टूबर, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों से अधिकतम एवं न्यूनतम, दोनो तापमान में गिरावट रेकार्ड हो रहीं है। जारी वर्ष में 1 जून से लेकर अब तक 1010 मिमी अर्थात करीब सवां 40 इंच वर्षा रेकार्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार मावठे का असर आगामी 3-4 दिनों तक ओर रहने की संभावना है। इस दौरान रूक-रूक बारिश होने के साथ तापमान में भी कमी देखने को मिलेगी।

### गेहूं की फसल को नुकसान की संभावना बढ़ी

शीत ऋतु में रबी सीजन में जिले के किसान प्राय: गेहूं, चना, सरसो आदि की बोवनी अधिक करते है। ग्राम कालापीपल के वसना भूरिया एवं कल्लू भाबोर ने बताया कि बिना मौसम बारिश से गेहूं की फसल में पीलापन देखने को मिल रहा है। यह मौसम फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लोग ऐसे मौसम में सर्दी-जुखाम, बुखार, उल्टी-दस्त के शिकार अधिक हो रहे है। इस तरह के मरीज जिले के सरकारी चिकित्सालयों के साथ निजी दवाखानों पर अधिक आ रहे है।



### ग्राम विनत, कनेरा एवं बोराना में नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री चौहान ने किया

**आलीराजपुर।** कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान द्वारा 20 लाख से अधिक की लागत से निर्मित नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने कट्ठीवाड़ा जनपद क्षेत्र के ग्राम विनत, कनेरा आलीराजपुर जनपद के ग्राम बोराना में नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। इस शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करके के बताया कि जिले के अलग अलग क्षेत्र में 3 नवीन विद्युत ग्रिड का निर्माण किया जा रहा है जिससे आगामी दिनों में विद्युत वितरण से संबंधित समस्याओं से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी साथ ही 24 घंटे विद्युत प्राप्त होगी। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा हर वर्ग के व्यक्तियों के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है विशेषकर कृषकों के लिए वर्तमान में अपनी सोयाबीन की फसल भावांतर योजना के तहत करें जिससे सोयाबीन उत्पादक कृषकों को अपनी फसल का उचित मूल?य प्राप्त होगा। इस दौरान जनप्रतिनिधि श्री भदू पचाया, श्री कमरू अजनार सहित क्षेत्र के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी में बच्चों को तय मेन्यू अनुसार ही भोजन दें : कलेक्टर

### कार्य में लापरवाही बरतने पर कट्ठीवाड़ा सीडीपीओ के 7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर माथुर ने जिले में संचालित आंगनबाड़ियों के संचालन की समीक्षा की। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित समय पर खुले और सहायिका द्वारा बच्चों को समय पर केंद्र पर लाया जाए। बच्चों को मेन्यू अनुसार पौष्टिक आहार मिलना सुनिश्चित किया जाए। अगर स्वयं सहायता समूह द्वारा तय मेन्यू अनुसार खाना नहीं दिया गया तो उनके वेतन में कटौती की जाएगी। साथ ही किसी भी अधिकारी कर्मचारी को भुगतान उनकी परफॉर्मेंस जांच के बाद ही करे। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण करें और यह जांचें कि एसएचजी द्वारा मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है या नहीं। जहां भी



लापरवाही पाई जाए, वहां संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि पोषण ट्रैकर ऐप पर सभी प्रविष्टियां नियमित रूप से दर्ज की जाए जो कार्यकर्ता प्रविष्टियां दर्ज नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी कर उनका 2 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। जिन कार्यकर्ताओं का वेतन तीन बार से अधिक कटा पाए जाने पर उन्हें निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी अधिकारी अपने मुख्यालय पर ही निवास करे। इस दौरान कार्य में प्रगति एवं लापरवाही बरतने पर कट्ठीवाड़ा सीडीपीओ का 7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर माथुर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी योजनाएं सुचारू रूप से संचालित हों, इसके लिए सतत निगरानी की जाएगी।

## बुद्धि में सर्वश्रेष्ठ राजा के तीसरे पुत्र को बनाया राज्य का उत्तराधिकारी : साध्वी अनुभवद्रष्टा श्रीजी

- श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में प्रवचन का हुआ आयोजन

**झाबुआ।** बुद्धि के 4 प्रकार होते है, उनमें से पारिणामिक बुद्धि का वर्णन करते हुए श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में पूज्य साध्वी भगवंत श्री अनुभवद्रष्टा श्रीजी मसा ने अपने प्रवचन में बताया कि हम यदि किसी का भला करेंगे, तो हमारा भला होगा। किसी कार्य को करते हुए हमे यह सोचना, समझना होगा कि इस कार्य का परिणाम क्या होगा ?, जैसा मन का भाव होगा वैसा फल मिलेगा। परोपकार करने का एक दृष्टांत सुनाते हुए आपने बताया कि एक राजा ने अपने राज्य को छोड़कर वानप्रस्थ आश्रम जाने का निश्चय किया। राजा के तीन पुत्र थे। जिनकी परीक्षा लेने का निर्णय लिया गया, ताकि इनमें से किसी एक को योग्यता अनुसार राज्य का उत्तराधिकारी घोषित किया जा सके।राजा ने तीन सुवर्ण कलशों में शुद्ध जल भरवाकर इन तीनो को सौपा एवं निर्देशित किया कि आप तीनों राज्य की सीमा में चारो दिशाओं में अपने मस्तक (सिर) पर रखकर भ्रमण करके आओ एवं यह कार्य करते समय सुवर्ण कलश से एक बूद जल भी नहीं छलकना चाहिए, अर्थात जितना जल भरा जाएगा उतना ही वापस करना होगा। तीनों पुत्रों ने प्रस्थान किया। प्रथम पुत्र को एक पुजारी ने देखा एवं भगवान के अभिषेक हेतु जल की मांग की, किन्तु पुत्र ने इंकार कर दिया। आगे जाकर एक सन्यासी से भेंट हुई। सन्यासी ने अपनी प्यास शांत करने हेतु जल की याचना की, किंतु देने से मना कर दिया। रास्ते से एक स्त्री एवं एक गाय से भेंट हुई एवं उस स्त्री ने अपने प्यासे पुत्र हेतु एवं गाय ने अपने बछडे हेतु पानी पिलाने की प्रार्थना की, किंतु राजा के पुत्र ने इंकार कर दिया। इसी प्रकार दूसरे नंबर के लड़के से भी आधे भ्रमण के दौरान वहीं प्रक्रिया अपनाई जो प्रथम पुत्र से अपनाई थी। इन प्रकार राजा के दो पुत्रों ने अपने पिता की आज्ञा का पालन कर अपने



कलश से जल दिए बगैर राजा दरबार में जमा करवा दिए। तीसरे नंबर के पुत्र ने अपनी बुद्धि का उपयोग कर अपने कलश के उपलब्ध जल में से एक चौथाई जल प्रभु के अभिषेक हेतु पूजारी को जल का तीसरा हिस्सा को उस सन्यासी की प्यास को शांत करने हेतु तथा दूसरा हिस्सा उस स्त्री के प्यासे पुत्र एवं अंतिम हिस्सा उस गाय के बछड़े को प्यास बुझाने हेतु प्रदान किया। इस प्रकार तीसरे पुत्र ने खाली सुवर्ण कलश राजा को सौंपा। राजा ने तीनों पुत्रों में से प्रथम एवं दूसरे पुत्र को आज्ञा का पालन करने पर संतोष व्यक्त किया, किंतु तीसरे नंबर के पुत्र के रिक्त सुवर्ण कलश सौपने पर प्रश्न किया कि तुमने आज्ञा का उल्लंघन क्यों किया ?, इस पर से तीसरे पुत्र ने यह उत्तर दिया कि आप चाहे जो दंड दे, मुझे शिरोधार्य है किन्तु जो कुछ भी मैने किया है, वह निम्न चार बातो को अपने मन मस्तिष्क में धारण कर किया है, फिर आप चाहे जो दंड दे मुझे उसे पालन करूंगा। राजा ने प्रसन्न होकर राज्य कार्य का उत्तराधिकारी उस तीसरे पुत्र को घोषित किया।

**31 अक्टूबर को निकाली जाएगी पैदल यात्रा-** श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता एवं सचिव रत्नदीप सकलेचा ने बताया कि 31 अक्टूबर, शुक्रवार सुबह 9 बजे से बालक अर्हम संघवी के जन्मदिवस निमित्त चैत्य परिपाटी का आयोजन सुनील संघवी परिवार द्वारा किया जाएगा। प्रवचन के दौरान सुनिल संघवी परिवार एवं पूर्व आयोजन के लाभार्थी अशोक राठौर द्वारा सकल श्री संघ से आग्रह किया गया कि चैत्य परीपाटी (पैदल यात्रा) में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल होकर यह पैदल यात्रा बावन जिनालय से दिलीप गेट महावीर बाग तक निकाली जाएगी।

### आचार्य तीर्थेन्द्रसूरीजी की 134वीं जयंती पर होंगे विभिन्न आयोजन

श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि 1 नवंबर, शनिवार को बावन जिनालय में परम् पूज्य आचार्य भगवंत श्री तीर्थेन्द्र सूरीश्वरजी मसा के 134वें जन्मोत्सव निमित्त पूज्य साध्वी श्री रत्नरेखाजी मसा आदि ठाणा-3 की पावनकारी निश्रा में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। जिसमें शनिवार सुबह 8.30 बजे श्री संघ द्वारा गुरूदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन तथा आरती के बाद सुबह 9 बजे से बावन जिनालय से गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर तक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। 10 बजे साध्वीश्री के मंगल प्रवचन एवं गुरू गुणानुवाद सभा होगी। दोपहर 11 बजे से अष्टप्रकारी पूजन एवं दोपहर 12.15 बजे से समाजजनों के लिए साधर्मी वात्सल्य का आयोजन रखा गया है। सभी आयोजन श्वेतांबर जैन श्री संघ एवं आचार्य श्री तीर्थेन्द्र सूरी समिति द्वारा किए जाएंगे। जिसमें समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर लाभ लेने हेतु अपील की गई है।

**एक नजर** — प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल 22 जनमुद्दों पर गरजे, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## ऐतिहासिक आदिवासी अधिकार आंदोलन में हजारों की संख्या में समर्थक शामिल हुए

**आलीराजपुर। आदिवासी विकास परिषद के बैनर तले प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल के नेतृत्व में गुरुवार को समीपस्थ ग्राम छकतला में एक ऐतिहासिक आदिवासी अधिकार आंदोलन का आयोजन किया गया। इस विशाल आंदोलन में क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं बहनों ने हजारों की संख्या में भाग लेकर 22 प्रमुख जनमुद्दों पर अपनी आवाज़ बुलंद की।**





सभा के समापन पर सभी मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार एवं उप-तहसीलदार छकतला को सौंपा गया, जिसे जिला कलेक्टर आलीराजपुर को प्रेषित किया गया। आंदोलन के दौरान मंच से एक के बाद एक जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन व सरकार से जनहित के मुद्दों पर ठोस कार्यवाही की मांग की।

सभा को प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल, प्रदेश सचिव माथियास भूरिया, जयस कार्यवाहक अध्यक्ष झाबुआ मधु भाई, परिषद जिला अध्यक्ष अंगर सिंह चौहान, पूर्व जनपद अध्यक्ष समशेर पटेल, झमराला भाई एवं उत्तम भाई सहित कई सामाजिक प्रतिनिधियों ने संबोधित किया।महेश पटेल ने जोशीले संबोधन में कहा मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व बखतगढ़ अस्पताल को चालू किया जाए तथा फूलमाल अस्पताल में डॉक्टरों की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

साथ ही छकतला कृषि मंडी को पुन: प्रारंभ किया जाए, अन्यथा हम मुख्यमंत्री के समक्ष धरने पर बैठेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए।उन्होंने आगे कहा भाजपा नेताओं के दबाव में छकतला चौकी पुलिस द्वारा आदिवासी युवाओं को परेशान न किया जाए। नए एसपी द्वारा शराब माफियाओं पर की गई कार्रवाई सराहनीय है, किंतु पूर्व कलेक्टर व पूर्व एसपी की कार्यशैली पूरी तरह राजनीतिक दबाव में रही।हमारे नायक छीतू किराड़ की मूर्ति समाज की भूमि पर नहीं लगाने देना आदिवासियों का अपमान है — हम स्वयं मूर्ति लेकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और इसे स्थापित करके रहेंगे।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे पूर्व पुलिस अधीक्षक के विरुद्ध मानहानि का दावा दाखिल करने जा रहे हैं। पटेल ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा किसानों को बिजली नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं, शिक्षा व सड़क की स्थिति दयनीय है। यह सरकार आदिवासियों, किसानों और आम जनता के हितों के प्रति असंवेदनशील है।आदिवासी विकास परिषद द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कुल 22 प्रमुख जनमुद्दे सम्मिलित किए गए है। ज्ञापन में परिषद ने स्पष्ट कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आदिवासी विकास परिषद वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

आयोजन से पूर्व छकतला आगमन पर महेश पटेल का ग्रामीणों, सरपंचों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद निकली रैली में डावर पेट्रोल पंप से लेकर छकतला मंडी तक हजारों समर्थक शामिल हुए।